(c) Yes, Sir. However, the Government weighs the benefits from exports of cotton yarn vis-a-vis the requirements of decentralised sector and takes steps to make balance between various competing national interests.

**Closing of Sharavathi Bridge**

332. SHRI B. K. HARIPRASAD: Will the Minister of SURFACE TRANSPORT be pleased to state:

(a) whether Sharavathi bridge near Henavara in Karnataka has been closed for traffic leading to serious hardship; and

(b) whether Government propose to provide alternative route through the Tail race Hydel project which needs to be provided with four very small bridges and a 40 km. long approach road?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF SURFACE TRANSPORT (SHRI JAGADISH TYTLER): (a) The existing weak bridge across river Sharavathi has been closed only for heavy vehicular traffic from July, 1991. In order to mitigate hardships of transport operators, one ferry has already been put into Operation while another four new ferries are under procurement.

(b) No, Sir.

**इलाहाबाद में यमुना नदी पर सड़क पुल**

**333. श्री सत्य प्रकाश मालवीय :** क्या जल-भूतल परिवहन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) इलाहाबाद में यमुना नदी पर सड़क पुल के निर्माण संबंधी योजना का विस्तृत ब्यौरा क्या है ;

(ख) उक्त पुल के निर्माण के कार्य में क्या-क्या बाधायें हैं ; और

(ग) वर्तमान में वहां विद्यमान सड़क पुल का निर्माण कब किया गया था तथा इसका जीवन काल कितना है ?

**जल-भूतल परिवहन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री जगदीश टाइटलर)** : (क) इस योजना में 1640 मीटर लम्बे पुल और चार लैन कैरिजवे सहित सड़क के दोनों तरफ 3.8 कि० मी० लम्बे सम्पर्क मार्ग बनाना

(ख) चूंकि प्रस्तावित पुल राष्ट्रीय राजमार्ग पर नहीं पड़ता, अत: केन्द्रीय सड़क निधि में से इस पुल का निर्माण शुरू करने से पहले इस सड़क को एक उपयुक्त "अर्बन लिंक' घोषित करने के के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम के तहत राज्य सरकार द्वारा केन्द्रीय सरकार के साथ एक समझौता करना अपेक्षित है।

(ग) मौजूदा पुल का निर्माण रेलवे द्वारा 1893 में किया गया था और यह राष्ट्रीय राजमार्ग प्रणाली का मार्ग नहीं है ।

**गोवा में मांडवी नदी पर सड़क पुल का निर्माण**

**334. श्री सत्य प्रकाश मालवीय :** क्या जल-भूतल परिवहन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गोवा (पंजिम) में मांडवी पर बनाए जाने वाले सड़क पुल को पूरा करने के मार्ग में क्या क्या बाधायें हैं ;

(ख) निर्माण कार्य में हुई प्रगति का ब्यौरा क्या है

(ग) निर्माण के दौरान वह पुल कितनी बारटूट चुका है ; और

(घ) इस सड़क पुल को यातायात के लिए कब तक खोल दिया जाएगा ?

**जल-भूतल परिवहन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री जगदीश टाइटलर)** (क) नये मंडोबी पुल के खंड (स्पान) 11 के ढांचे (सुपरस्ट्रक्चर) के साथ ट्रस, जिसे प्रीस्टैस किया ही जाने वाला था,